एक नजर में

## शासकीय मांडल स्कूल में हुई पालक-शिक्षक संगोष्ठी

### 350 से अधिक अभिभावकों ने जानी विद्यार्थियों की प्रगति



**सरदारपुर।** भोपावर मार्ग पर स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदारपुर में त्रैमासिक परीक्षा के बाद शुक्रवार को पालक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावकों ने आयोजन की प्रशंसा की गई। सुबह 11 बजे शुरू हुए । इस आयोजन में अभिभावकों ने मां सरस्वती का पूजन किया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। बड़ी और खास बात यह रही कि संभवत: पहली बार किसी शासकीय विद्यालय में 20 या 30 नहीं बल्कि 350 से अधिक अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति जानने के लिए उत्सुकता दिखाई और पहुंचे। संस्था प्राचार्य कामेश सतपुड़ा ने बताया कि अभिभावकों को विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत कराते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन भी कराया गया। 3 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में पालक-शिक्षक संगोष्ठी के दौरान अभिभावकों ने सवाल भी पूछे और उनके जवाब मंच से दिए गए। इस दौरान त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अभिभावकों के हाथों सम्मानित कराया गया। गौरतलब है कि पूरे सरदारपुर क्षेत्र में संभवत: यह एक मात्र विद्यालय है, जहां बड़े पैमाने पर इस तरह का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्राचार्य सतपुड़ा ने बताया कि हाल ही में विद्यार्थियों के लिए संगीत की कक्षा भी आरंभ कराई गई है। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## व्यापारी महासंघ द्वारा सम्मान समारोह संपन्न



**धार( नि.प्र )** व्यापारी महासंघ जिला धार के तत्वाधान में शहर के निजी होटल पर सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया जिसमें अनाज दलहन तिलहन के वरिष्ठ व्यापारी कैलाश चंद कांकरिया एवं किराना के वरिष्ठ व्यापारी श्री रामदास जी अग्रवाल का सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित व्यवसायी पंकज खत्री ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान व्यापार में होने वाली समस्या तथा नवाचार व्यापार के संबंधों में प्रकाश डाला साथ ही महासंघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण टांक ने कहा कि वरिष्ठ व्यवसायियों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से ही व्यापार में वृद्धि एवं सुचारु रूप से चलाने की प्रेरणा मिलती है ।

ज्ञात हो कि व्यापारी महासंघ द्वारा समय-समय पर धार शहर के वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान किया जाता है । इस अवसर पर व्यापारी महासंघ के राकेश प्रीतम जैन राजेंद्र ठाकुर राजेश दिनेश अहिरवार वासु परमार शुभम चौहान शांतिलाल शर्मा अंकित जैन जयेश आशीष योगेश प्रकाश रवि लखन आदि व्यापारीगण बड़ी संख्या में मौजूद थे ।कार्यक्रम का संचालन व्यापारी महासंघ के कार्यालय मंत्री कमल हरोड़ ने किया तथा आभार व्यापारी संघ के सचिव पारस जैन गंगवाल ने माना कार्यक्रम पश्चात स्नेह भोज भी हुआ उक्त जानकारी व्यापारी महासंघ के मीडिया प्रभारी गौरव जैन द्वारा दी गई ।

## शासकीय महाविद्यालय बदनावर की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**बदनावर**. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शासकीय महाविद्यालय बदनावर में संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौरव साहू उपस्थित रहे । सर्वप्रथम मंचासिन कार्यकर्ताओ गौरव साहू , विनोद चौधरी , मुकुल पंड्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी में गौरव साहू ने बताया कि सेवा , समर्पण, संघर्ष , अनुशासन व संस्कारित आंदोलन के 76वर्ष पूर्ण हो गए। एक राष्ट्र की शक्ति उस राष्ट्र के युवाओं में निहित है युवाओं की मेहनत, रचनात्मकता ओर संकल्प से हम मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे ब?ा छात्र संगठन है , जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है। संगोष्ठी के पश्चात नगर मंत्री मुकुल पंड्या द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें कॉलेज इकाई अध्यक्ष - दिव्यांश ओसारी व कॉलेज इकाई मंत्री तनु ?ायथ को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष घनश्याम परमार ,मनीष देवडा ,बलराम सिसोदिया, उर्मिला परमार ,सहमंत्री यश शर्मा ,सुनील सिर्वी ,दिव्या पाटीदार , विनी सांखला एसएफडी प्रमुख अज्जू पंवार ,सह प्रमुख अनुज एसएफएस प्रमुख शुभम बैरागी , सहप्रमुख रानू चौहान , कलामंच प्रमुख खुशी पांचाल , सहप्रमुख साक्षी जाट ,खेलो भारत प्रमुख पिरु ,सहप्रमुख अमन चौधरी सोशल मीडिया प्रमुख आशीष कुमावत , सहप्रमुख आर्यन चौहान इनके अलावा शिवनारायण मकवाना , अवदेशप्रताप ,करण चारोल , विजय पंवार , सुमित राणा , सचिन सिंगार , विनोद पंवार, सुमित को कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।





# सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को लेकर भाजपा नगर मंडल की कार्यशाला

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के निमित्त प्रत्येक बूथ पर हर एक लाभार्थी से जुड़े : भाजपा जिलाध्यक्ष भारती

**धार ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए शनिवार को धार भाजपा नगर केसरीमल सेनापति मंडल की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती की मौजूदगी में आयोजित की गई । जिसमें सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्य योजना की रचना तैयार की गई। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए मंडल कार्यशाला को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती मंडल प्रभारी प्रेमचंद परमार मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा नेता अशोक जैन ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार मनीष प्रधान मंचासीन रहे।

सर्व प्रथम अतिथियों ने भारत माता एवं पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला



का आरंभ किया गया।

निलेश भारती ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने जन्मदिन के अवसर पर हम सबके बीच धार जिले में आगमन हो रहा है इसका हम सभी कार्यकर्ताओं को गर्व होना चाहिए उस दिन प्रधानमंत्री मोदी जी को पूरा देश अप्रत्यक्ष रूप से सुने और देखेगा लेकिन हम प्रत्यक्ष रूप से देख और मोदी जी को सुन सकेंगे यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें लगभग प्रत्येक मंडल में 15 कार्यकर्मो को करना है प्रत्येक भाजपा का कार्यकर्ता सेवा समर्पण भाव से इस अभियान को सफल बनाएं। साथ ही 17 सितंबर को जिले के ग्राम भैसोला पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क मैं आपके क्षेत्र के प्रत्येक केंद्र और राज्य सरकार की जनहितेषी योजनाओं के लाभार्थी के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सुने।

कार्यशाला में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निशा शर्मा पूर्व पार्षद हुकुम लश्करी दीपक सिंह रघुवंशी राजेश हारो? पुरषोत्तम चौहान जसप्रीत डंग राकेश दुर्गेश्वर महेश बो?ाने जीवन यादव बादल मालवीय पार्षद रंजना राठौर अल्पना जोशी रीमा राठौर प्रज्ञा ठाकुर अनुसुईया वैष्णव मीना दुबे सीमा सोनी सीमा पड्या राखी राय मंजुला बघेल समेत नगर मंडल पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन नवीन भंवर व आभार मंडल महामंत्री अमित शर्मा ने माना उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## न्यायालय परिसर में लोक अदालत का उद्घाटन

**सरदारपुर ।** न्यायालय परिसर सरदारपुर में लोक अदालत का उद्घाटन प्रथम जिला जज श्री हेमंत यादव ने मां सरस्वती के पूजन व माल्यार्पण से किया । इस अवसर पर द्वितीय जिला जज श्रीमती रश्मि वॉल्टर तृतीय जिला जज श्री अब्दुल्लाह अहमद व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती कमला गौतम अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव उपाध्यक्ष श्री



रामलाल पाटिल सचिव श्री दिलीप सिंह भदोरिया श्री दिग्विजय सिंह राठौर भूपेंद्र जोशी वैशाली जोशी शबाना राठी अंकित कच्छावा सुमित चौहान अजहर शेख गजराज भूरिया नजीर जगदीश किरार अजीत चौहान रोहित नामदेव कमलेश सोलंकी आशाराम मालवीय रामलाल चौहान रीता यादव जितेंद्र परमार पप्पू यादव मदनलाल मारू कृष्णा चौधरी आदि उपस्थित थे ।

## यह संसार साश्वत दुखालय है जब तक ईश्वर में लगोगे नहीं, शाश्वत सुख मिलेगा नहीं : पं. द्विवेदी

**कुक्षी।** यह संसार साश्वत दुखालय है जब तक ईश्वर मे लगोगे नही शाश्वत सुख आपको कभी मिलेगा नहीं ।यह उदगार दाताहरी वाटिका मे चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन पंडित प्रख्यात कथाचार्य पंडित राजेंद्र द्विवेदी नें कही. सबहि सुलभ सब दिन सब देसा卐ईश्वर सबको सुलभ है तो हमको भी सुलभ है...अन्य में क्यों खोजें जब सब दिन है तो आज भी है...कल की प्रतीक्षा क्यों करें सब जगह है तो यहाँ भी है...तो वहाँ क्यों खोजता है जो अभी नही वो कभी नही जो यहाँ नही वो वहाँ नही जो हममें नही वो तुममें नहीं अर्थात जो अभी नही यहाँ नही और हममें नही वह ईश्वर भी नही.आपने शिव पुराण के परिवार के महत्व के सम्बन्ध मे कहा की यदि स्त्री का



सम्मान,इज्जत, प्रतिष्ठा है वह सब पति के साथ है माता सती जब पति को छोडकर पिता के घर गई तब उन्हें वहां भी सम्मान नही मिला अगर स्त्री का सम्मान है इज्जत है प्रतिष्ठा है वह सब तब तक है जब पति साथ हो,पति की अवेलना कर करके,पति की निंदा करके अगर कोई नारी चाहे उसे सम्मान मिलेगा तों कभी सम्मान मिल नही सकता.जहां पिता पुत्र की एकमती हो जहां सांस बहू की एक मती हो भाई भाई की एक मति हो अगर



सास बहू की एक मति हो देवरानी जेठानी की एकमति वहां लक्ष्मी वास होता है.कथा विश्राम आरती समाजसेवी डॉ राजेश गुप्ता व प्रमोद गुप्ता नें की।



## उमंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

### छात्राओं ने ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी

**बाकानेर । पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल बाकानेर में उमंग कार्यक्रम अंतर्गत 12 सितम्बर को उमंग दिवस एक उत्सव के रूप में पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया ।सर्वप्रथम कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुनीता लोधीया ने मां सरस्वती का पूजन कर विद्यालय में उमंग कार्नर का शुभारंभ किया ।**

विद्यालय के प्राचार्या किरण वास्केल ने बताया है कि स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की अभिनव योजना है जो विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से लागू की गई ।बाकानेर



संकुल के विद्यालयों में उमंग दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।

उमंग दिवस की गतिविधियां सरस्वती वंदना एवं उमंग गीत से प्रारंभ की गई । छात्राओं द्वारा जीवन कौशल आधारित गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक परिवर्तन लाने के कौशलो का प्रदर्शन किया ।जीवन कौशल से संबंधित एक क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्राचार्या किरण वास्केल ने महापुरूषो के जीवन के उदाहरण देकर उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया ।

वास्केल ने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए परिश्रम करे ।यदि किसी कार्य में असफलता प्राप्त होती है तो सफलता प्राप्त होने तक प्रयास करते रहे ।

नोडल अधिकारी सुनिता लोधीया ने भी बच्चों को स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए।

इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी । आभार शिक्षिका रामकौर मंडलोई ने माना ।

## भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षदों ने सीएमओ शुक्ला को ज्ञापन सौंपा

**सरदारपुर।** नगर परिषद सरदारपुर में पार्षद प्रतिनिधि द्वारा ठेकेदारी संबंधित कार्य करने के विरोध में भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षदों ने सीएमओ यशवंत शुक्ला को ज्ञापन सौंप।, कई दिनों से पार्षद प्रतिनिधि, द्वारा कार्य किया जा रहे, पार्षदगण कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को शिक़ायत करने की बात कही।

ज्ञापन के माध्यम से वार्ड क्रमांक एक की पार्षद बबीता छोटू यादव ने बताया कि नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार हो रहा है एवं निर्माण कार्य में देरी व मनमानी तरीके से कुछ जन प्रतिनिधि अन्य व्यक्ति के ठेकेदारी लाइसेंस लगाकर लगातार परिषद में अपना सिक्का चला कर अपनी जेब गर्म कर रहे हैं। पूर्व में भी वार्ड क्रमांक 13 में नाली निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी वीडियो हमारे



पास मौजूद है।शासन व प्रशासन के नियम अनुसार कोई भी जनप्रतिनिधि दोहरा लाभ नही ले सकता है। उक्त परिषद में अधिकारीयों और पार्षद प्रतिनिधि की साथ गांठ से अप्रत्यक्ष रुप से पार्षद प्रतिनिधि को निर्माण कार्य व सप्लाय कार्य दिये जा रहे है जो की नियमों के विरुद्ध है।परिषद में आगे से पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी तरह से कार्य किया जाता हैं तो हम सभी पार्षद परिषद के बाहर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को शिकायत दर्ज करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी नगर परिषद सीएमओ एवं इंजीनियर रहेगी। ज्ञापन में पार्षद बबीता यादव, रोमा मंडलोई, अमरसिंह सोनेर, शांताबाई, कोमल पारगी, संजय जायसवाल, निरज कटारा, किरण यादव, दिनेश यादव के हस्ताक्षर अंकित है।।

एक नजर

**17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों को सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सभी बूथों पर निष्ठा से कार्य करेंगे**

## पीएम का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे, धरमपुरी मंडल भाजपा की कार्यशाला आयोजित

**धरमपुरी ( धार )** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में अनेक गतिविधियो का आयोजनों किया जाना है ।जिसे लेकर शनिवार को दोपहर 2 बजे धरमपुरी भाजपा मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में दिनांक 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से दिनांक 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन, स्वास्थ शिविर का आयोजन,प्रबुद्ध संवाद,नमो मैराथन,संगोष्ठी,प्रदेश के विशिष्ठ



व्यक्तियों का सम्मान,विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, नमो वन नमो पार्क,सांसद खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालू सिंह ठाकुर थे,सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के कार्यशाला प्रभारी रविन्द्र परिहार,मंडल प्रभारी शैलेंद्र जायसवाल,मंडल सयोजक नगीन सोनी, सह संयोजक कृष्णपाल पवार, कैलाश चौहान थे।

इस अवसर पर धरमपुरी मंडल अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने कहा की उक्त सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जो भी प्रदेश व जिला संगठन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों को सभी जनप्रतिनिधि एवम कार्यकर्ता सभी बूथों पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यशाला में धरमपुरी मंडल के सभी जनप्रतिनिधि, सरपंच,मंडल के पदाधिकारी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।


नवभारत
झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए संपर्क करें :
संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718